पावरग्रिड
POWERGRID

पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
POWER GRID CORPORATION OF INDIA LIMITED
(A Government of India Enterprise)

# PRESS RELEASE

For Immediate Use

## POWERGRID Signs MoU with RVPNL for Establishment of JV Company

Gurugram, 10 March 2024: Power Grid Corporation of India Limited (POWERGRID) a Maharatna CPSU under Ministry of Power, Govt. of India has signed an MoU with Rajasthan Rajya Vidyut Prasaran Nigam Limited (RVPNL) at a function held in Jaipur. It was signed in presence of Shri R. K. Singh, Hon'ble Union Minister of Power, New & Renewable Energy, Govt. of India, Shri Bhajanlal Sharma, Hon'ble Chief Minister, Rajasthan, and in august presence of Shri Pralhad Joshi, Hon'ble Union Minister of Parliamentary Affairs, Coal & Mines and Smt. Diya Kumari, Hon'ble Deputy CM, Rajasthan. The MoU was signed by Sh. Nathmal Didel, IAS, MD, RVPNL and Sh. D. N. Rozekar, Executive Director (BDD&JV) POWERGRID in the gracious presence of Sh. Alok, Addl. Chief Secretary (Power) Govt. of Rajasthan and Shri R. K. Tyagi, CMD, POWERGRID and other senior officials of Rajasthan Govt., POWERGRID, RVPNL & other CPSUs.

This MoU has been signed to incorporate a Joint Venture Company for development of intra state transmission system in the state of Rajasthan with an equity participation of 74% by POWERGRID and 26% by RVPNL. The proposed JV company shall undertake projects worth upto Rs 10,000 Cr. in a phased manner.

During the ceremony, several MoUs and PPAs were signed between the Finance Department & Energy Department of Rajasthan Government and many CPSEs of Ministry of Power for development and strengthening of 3325 MW thermal and 29100 MW renewable energy projects, transmission system and infrastructure projects and other development works in a major step towards self-reliance in the energy sector.

As on 29th February 2024, POWERGRID has commissioned and operating 276 Sub-stations, more than 1,76,762 ckm transmission lines and 5,22,046 MVA of transformation capacity. With the adoption of latest technological tools and techniques, enhanced use of automation and digital solutions, POWERGRID has been able to maintain average transmission system availability of 99.86%.

***Issued By***
*Team Corporate Communications*
*Follow us on X : @pgcilindia*
*www.powergrid.in*
*e-mail: powergrid.pr@powergrid.in*

# प्रेस विज्ञप्ति

तत्काल उपयोग के लिए

## पावरग्रिड और आरवीपीएनएल के बीच संयुक्त उद्यम कंपनी की स्थापना के लिए समझौता ज्ञापन

गुरूग्राम, 10 मार्च 2024: भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के अधीन एक महारत्न सीपीएसयू पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पावरग्रिड) ने जयपुर में आयोजित एक समारोह में राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड (आरवीपीएनएल) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। यह कार्यक्रम श्री आर. के. सिंह, माननीय केंद्रीय मंत्री, विद्युत्, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा , श्री भजनलाल शर्मा, माननीय मुख्यमंत्री, राजस्थान, श्री प्रल्हाद जोशी, माननीय केंद्रीय संसदीय कार्य, कोयला और खान मंत्री और श्रीमती दीया कुमारी, माननीय उप मुख्यमंत्री, राजस्थान की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित किया गया। समझौता ज्ञापन पर श्री नथमल डिडेल, आईएएस, एमडी, आरवीपीएनएल और श्री डी. एन. रोज़ेकर, कार्यपालक निदेशक (बीडीडी एंड जेवी) पावरग्रिड द्वारा श्री आलोक, अपर. मुख्य सचिव (विद्युत) राजस्थान, श्री आर. के. त्यागी, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, पावरग्रिड तथा राजस्थान सरकार, पावरग्रिड, आरवीपीएनएल और अन्य सीपीएसयू के वरिष्ठ अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में हस्ताक्षर किया गया।

राजस्थान राज्य में इंट्रा स्टेट ट्रांसमिशन सिस्टम के विकास के लिए एक संयुक्त उद्यम कंपनी की स्थापना के लिए इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया है जिसमें पावरग्रिड की 74% और आरवीपीएनएल की 26% की इक्विटी भागीदारी होगी। प्रस्तावित संयुक्त उद्यम कंपनी चरणबद्ध तरीके से 10,000 करोड़ रुपये तक की परियोजनाओं का क्रियान्वयन करेगी। कार्यक्रम के दौरान ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर कदम उठाते हुए 3325 मेगावाट थर्मल और 29100 मेगावाट नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के विकास और सुदृढ़ीकरण, ट्रांसमिशन सिस्टम और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं और अन्य विकास कार्यों के लिए राजस्थान सरकार के वित्त विभाग एवं ऊर्जा विभाग और विद्युत् मंत्रालय, भारत सरकार के कई सीपीएसई के बीच कई समझौता ज्ञापनों और पीपीए पर हस्ताक्षर किए गए।

दिनांक 29 फरवरी 2024 तक, पावरग्रिड द्वारा 276 उप-केंद्र, 1,76,762 सर्किट किलोमीटर से अधिक ट्रांसमिशन लाइनों और 5,22,046 एमवीए की ट्रांसफॉर्मेशन क्षमता को कमीशन और संचालित किया जा रहा है। नवीनतम तकनीकी उपकरणों और तकनीकों को अपनाने, स्वचालन और डिजिटल समाधानों के उन्नत उपयोग के साथ, पावरग्रिड 99.86% की औसत ट्रांसमिशन सिस्टम उपलब्धता बनाए रखने में सक्षम रहा है।

***जारीकर्ता***
*टीम कॉर्पोरेट संचार*
*हमें X पर फ़ॉलो करें: @pgcilindia*
*www.powergrid.in*
*e-mail: powergrid.pr@powergrid.in*